सफलता | बाथरूम में जमा कर रखी गई थीं पेटियां, शराब तस्करों में मचा हड़कंप

# 15 लाख 30 हजार रुपये की 304 पेटी अवैध शराब बरामद

**नवभारत,पथरिया 29 मार्च। जिस प्रकार समस्त प्रदेश में अवैध शराब की तस्करी चल रही है वह न किसी अधिकारी से छुपी है और न ही नेता नगरी से, लेकिन फिर भी धड़ल्ले से अवैध शराब तस्कर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है।**

इसी कड़ी में जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पथरिया पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए 34 पेटी अवैध शराब जप्त की जिसकी कीमत 15 लाख 3 हजार के करीब बताई जा रही है। एसडीओपी प्रिया सिंघी व थाना प्रभारी अमित मिश्रा और उनके पूरे स्टाफ ने रेल्वे पुलिया के सामने स्थित कोमल अहिरवाल के मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद किया है। पुलिस की इस औचक कार्यवाही से क्षेत्र के शराब तस्करों में हड़कंप का माहौल मच गया है।



### भारी मात्रा में शराब की बोतलों के ढक्कन भी मिले

इस रेड में केवल शराब ही नहीं मिली बल्कि पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में शराब की बोतलों के ढक्कन और बड़ी पानी की टंकियां भी बरामद की हैं। इतनी बड़ी तादाद में ढक्कनों का मिलना इस बात की ओर पुख्ता इशारा करता है कि यहां न केवल शराब का भंडारण हो रहा था बल्कि संभवतः अवैध तरीके से बोतलों की रिफिलिंग या मिलावट का खेल भी चल रहा था।

### योजनाबद्ध तरीके से शराब को छिपाकर रखा था

पुलिस जब कार्यवाही करने पहुंची तो नजारा चौंकाने वाला था। मकान के अंदर और बाहर योजनाबद्ध तरीके से शराब को छिपाकर रख दिया गया था। घर के अंदर खड़े वाहन क्रमांक एमपी 15 जेडजे 3849 की जब तलाशी ली गई तो उसमें करीब 150 से अधिक पेटी शराब लोड पाई गई। माना जा रहा है कि इस खेप को कहीं खपाने की तैयारी थी, लेकिन पुलिस की टीम जब मकान की छत पर चढ़ी तो वहां का नजारा देख दंग रह गए। छत पर लगभग 150 से अधिक पेटियां क्रम से बाथरूम में जमा कर रखी गई थीं।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली थी के एक गाड़ी क्रमांक एमपी 15 जेडजे 3849 में शराब लोड होकर कहीं से पथरिया आ रही है तो उसका पीछा करते हुए हम लोग वहां पहुंचे तो रेल्वे पुलिया के पास ठीक सामने यह गाड़ी एक घर में चली गई। घर के अंदर करीबन 150 से 200 पेटी होने का अनुमान था, बाकी कार्यवाही के बाद 304 पेटी की पुष्टि की गई। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि बॉम्बे 145,गोवा 80, बोल्ट 15, एमडी 7, आईबी 7, देसी मदिरा मसाला 50 पेटी पाई गई।

**इनका कहना है**

कोमल अहिरवार एवं पिकअप चालक के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

**अमित मिश्रा**
**थाना प्रभारी पथरिया**

## 125 ब्राह्मण बालकों का सनातन धर्म अनुसार हुआ उपनयन संस्कार



**नवभारत,दमोह.**देव श्री रामकौमार शाला अजब धाम में उपनयन संस्कार किया गया.वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 125 बालको और ब्राह्मण युवको ने सनातन धर्म अनुसार यग्योपवीत धारण किया.अजब धाम श्री छोटे सरकार जी के सानिध्य में मंदिर परिसर में विधिविधान से सभी बालको का उपनयन संस्कार कराया गया. जिसमें सभी का मुंडन, प्रायश्चित स्नान,पंचाग पूजन,दंड धारण,जनेऊ पूजन धारण,अग्निपूजन,प्रथम दीक्षा,वेद अध्ययन,भिक्षा और समावर्तन किया गया,समावर्तन में ब्रह्मचर्य से ग्रहस्थ की ओर प्रस्थान कराया जाता है.सनातन धर्म और हिन्दू संस्कृति अनुसार विद्वान पंडितों द्वारा विधिविधान से उपनयन कराया गया.

## बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव व वंदे मातरम् गायन का आयोजन

**नवभारत,दमोह.**संस्कृति मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटैल के नेतृत्व में बुंदेली सांस्कृतिक महोत्सव व वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह स्थित सभागार में राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत गायक विजय तिवारी,वंदना शर्मा,चंद्रवती शर्मा, नितिन खरे और टीम द्वारा अनेक प्रस्तुतियां दी. साथ ही सामूहिक वंदे मातरम् गायन शिवानी जैन, डोली कटहरे,दीक्षा राय,नैना तिवारी, अभिलाषा पांडे द्वारा किया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे,दमोह जनपद अध्यक्ष प्रीति ठाकुर, पथरिया जनपद सदस्य संगीता श्रीधर, वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे,केन्द्रीय विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष साहित्य कार आनंद कुसुमरिया सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति रही.




## महावीर जयंती पर जिले में आज अवकाश घोषित

**31 मार्च को सभी कार्यालय और संस्थान खुले रहेंगे**

**नवभारत,दमोह.**स्थानीय परिस्थितियों व सामाजिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों के आधार पर समग्र विचारोपरांत दमोह जिले में कैलेण्डर वर्ष 2026 में घोषित अवकाशों की सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को घोषित अवकाश के स्थान पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अब संपूर्ण दमोह जिले में आज 30 मार्च 2026 दिन सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।उन्होंने निर्देशित किया है कि 31 मार्च 2026 को जिले के सभी शासकीय कार्यालय तथा संस्थान खुले रहेंगे एवं सामान्य कार्यालयीन कार्य संपादित किये जायेंगे।

## यादव महासभा का शताब्दी वर्ष : एकता चेतना यात्रा पर निकली शोभायात्रा

### मिलन समारोह और अतिथियों के आगमन से शहर में उत्साह

**नवभारत, दमोह.** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार, 29 मार्च **2026** को दमोह में भव्य एकता-चेतना यात्रा व मिलन समारोह का आयोजन किया गया.इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.महासभा द्वारा सभी समाज बंधुओं सहित सर्व समाज के लोगों से कार्यक्रम में सादर उपस्थित हुए.

### ग्वाल बाबा मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

रविवार दोपहर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्वाल बाबा मंदिर परिसर, किल्लाई नाका चौराहा से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई.यह यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे दमोह का भ्रमण कर और पुनः ग्वाल बाबा मंदिर परिसर में समापन हुई.यात्रा के दौरान समाज की एकता, सांस्कृतिक पहचान और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया गया.






### कई दिग्गज हुए शामिल

इस आयोजन में कई प्रमुख अतिथि शामिल हुए.मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से मानव अधिकार आयुक्त, अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह यादव उपस्थित रहे.इसके अलावा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव,पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव (सागर)विधायक जयंत मलैया,पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव, हर्ष यादव,देवेंद्र यादव प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश, पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप यादव,पूर्व मंत्री ललिता यादव (छतरपुर), कुलपतिडॉ.किशन यादव (गुना),पूर्व विधायक संजय यादव (जबलपुर),संभाग अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह यादव मोनू भैया,नरेन्द्र यादव नंदू व दीपक यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.

### अतिथि के आगमन पर स्वागत

कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह यादव के दमोह आगमन पर यादव महासभा के सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया.फूल-मालाओं से स्वागत कर समाजजनों ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया.इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया. कोतवाली टीआई मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा.जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके.

### प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात

रेल्वे स्टेशन पर आगमन के बाद मुख्य अतिथि सर्किट हाउस पहुंचे .जहां उन्होंने जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की .इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,एसडीएम सौरभ गंधर्व, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार रॉबिन जैन, आशुतोष गुप्ता, राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन,ब्रजेश पटेल, पटवारी किशोर, तिलक,वीर विक्रम व कोतवाली टीआई मनीष कुमार, टीआई यातायात दलबीरसिंह मार्को, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय,सरोज ठाकुर और पुलिस बल उपस्थित रहा.

### समाज के सशक्तिकरण के लिए मानवाधिकार आयोग जरूरी : सिंह



शहर के किल्लाई नाका स्थित ग्वाल बाबा मंदिर प्रांगण में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एकता चेतना यात्रा व मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण और राधा के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इसके बाद आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने कहा शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनौतियों के बीच संतुलन और एकता से ही बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने और समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि मानवाधिकार आयोग में लंबित मामलों के निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और पिछले दो-तीन महीनों में सड़क दुर्घटना, सांप काटने, डूबने व अन्य घटनाओं से जुड़े करीब एक करोड़ रुपये के लंबित भुगतान का निराकरण किया गया है। मुंगावली विधायक राव बृजेन्द्र सिंह यादव ने युवाओं को जागरूक रहने और समाज के विकास में भागीदारी निभाने की बात कही।छतरपुर विधायक ललिता यादव ने महिला जागरूकता, समाज सुधार और कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया।

## 19 सिलेंडर घरेलु सिलेंडर जप्त कर 13 प्रकरण बनाए

**नवभारत,दमोह** .कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व खाद्य विभाग के संयुक्त जाँच दल द्वारा अपने-अपने अनुविभाग में संचालित प्रतिष्ठानों होटल, रेस्टोरेंट,ढाबा आदि लगभग 40 प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही/निरीक्षण किया गया। जाँच दल ने व्यावसायिक उपयोग करते हुये पाये जाने पर कुल 19 सिलेंडर घरेलु सिलेंडर जप्त कर13 प्रकरण बनाए हैं ।इनमें अनुविभाग तेंदुखेडा में कान्हा फैमिली रेस्टोरेंट 02,राजा मिष्ठान भंडार 02,अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट 01, अन्नपूर्णा होटल 1,अनुविभाग हटा में पंचवटी ढाबा 01,अग्रवाल भोजनालय 01, बुंदेली रसोई 02 शामिल हैं। इसी प्रकार पथरिया अनुविभाग में रेस्टोरेंट में 03,दमोह अनुविभाग में अर्जुन होटल के नीचे स्टेशन के पास 01,मनोहर चाय जबलपुर नाका 01,शुक्ला भोजनालय02,मोमोज किल्लाई नाका 01, ब्रजवासी होटल बस स्टैंड 01 घरेलु सिलेंडर जप्त किया गया हैं।





### मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष श्री सिंह पहुंचे बांदकपुर

नवभारत,दमोह .मप्र राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह जिले के श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के दर्शन करने पहुंचे ।उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ धाम का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर पंडित केदारनाथ दुबे, रामप्रताप जी,तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, प्रीतम सिंह, राजेश निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय,चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, विक्रम धाकड़,वीर विक्रम अहिरवार, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक प्रकाश,शंकर गौतम,यशपाल सिंह के अलावा और भी जन मौजूद रहे.

### विधायक मलैया के निवास मील पहुंचे

मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष एपी सिंह ने श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर दर्शन उपरांत पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक जयंत मलैया के निवास मील पहुंचे थे, जहां उन्होंने हालचाल जाना।



### एक नजर में



### जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

नवभारत,दमोह . मप्र मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ . अवधेश प्रताप सिंह ने स्थानीय सर्किट हाऊस में जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली ।इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया,वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, तहसीलदार रॉबिन जैन, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी,टीआई मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में म .प्र मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ . श्री सिंह ने विशेष रूप से पेयजल की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता युक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### बीएस हजारी सब इंस्पेक्टर को टीआई मनीष कुमार और स्टाफ ने दी बिदाई

**नवभारत,दमोह** .सिटी कोतवाली में पदस्थ सब इंस्पेक्टर बीएस हजारी का स्थानांतरण मुराछ चौकी, थाना गैसाबाद हो जाने पर सिटी कोतवाली टीआई मनीष कुमार और स्टाफने फूलमाला पहनाकर शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी .बता दे कि सब इंस्पेक्टर श्री हजारी व्यवहार कुशल के धनी के साथ कार्य शैली की सराहना होती रहती है .वह बांदकपुर,हिंडोरिया,पटेरा के अलावा और भी जिले के थानों में पदस्थ रह चुके हैं .जिन्होंने शानदार कमान संभाली है, साथ ही अपराधियों के लिए हमेशा डर माहौल बनाए रहते हैं .

## राज्यमंत्री लोधी ने सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

**नवभारत,दमोह.** दमोह जिले की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र जबेरा को प्रदेश की क्रमांक एक विधानसभा बनाने का संकल्प लेकर क्षेत्रीय विधायक व मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी निरंतर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने जनपद तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बहेरियामाल और कोड़ल में सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।ग्राम बहेरियामाल में लगभग 25 लाख रुपए तथा ग्राम कोड़ल में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इन सामुदायिक भवनों का उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर मंत्री श्री लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि जबेरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका लक्ष्य जबेरा को पूरे मध्य प्रदेश में एक आदर्श और अग्रणी विधान सभा बनाना है।उन्होंने सामुदायिक भवनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांवों में इस प्रकार की सुविधाएं होने से लोगों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रम,बैठकें और अन्य सामूहिक गतिविधियों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी।



## कार की टक्कर से दो भैंसों की घटना स्थल पर मौत, चालक कार छोड़कर फरार

**नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.** जनपद क्षेत्र अंतर्गत दमोह जबलपुर रोड पर बसे ग्राम सांगा में शनिवार की रात्रि एक तेज रफ्तार कार ने रोड पर जा रही दो भैंसों को टक्कर मार दी. जिससे दोनों भैंसों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.हादसा होने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया.हाईकोर्ट लिखा है कार में भैंसों को टक्कर मारने वाली कार में हाईकोर्ट लिखा है.जिसका नंबर एमपी **20 सी** 4955 है.अब पुलिस की जांच में पता चलेगा कि गाड़ी मेऔ कौन सवार था किसकी गाडी है.




## आज पशुवध गृह व मांस,मछली,विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी

**नवभारत,दमोह.** कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने 18 मार्च **2026** को जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये 31 मार्च **2026** के स्थान **पर 30** मार्च **2026** को दमोह जिले की राजस्व सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह से बंद रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा 18 मार्च **2026** को जारी आदेश में उल्लेखित तिथियों पर लगाये गये शेष प्रतिबंध यथावत जारी रहेंगे।



शिकायत | पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

# अभद्र भाषा का प्रयोग कर दस्तावेज छुड़ाकर किए तीन टुकड़े

**नवभारत,दमोह. अनावेदिका महिला के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर शासकीय दस्तावेज के तीन टुकड़े कर देने का मामला सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि आवेदक हाकम सिंह द्वारा किसी महिला द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत हिंडोरिया तहसील में की गई थी.**

जहां अनावेदक प्रेम रानी सिंह पति मुलायम सिंह लोधी निवासी हिनौता के द्वारा **0.09** और गरीबा अहिरवार द्वारा`.2 पर कब्जा किए जाने को लेकर राजस्व विभाग ने पुलिस बल और कोटवार के साथ पहुंचकर आवेदक का खसरा नंबर 259 रकवा **0.37** पर को मानते हुए 25 की कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया जा रहा था,इसी दौरान अनावेदिका प्रेम रानी सिंह अपनी सास और दोनों बच्चियों के साथ मौके पर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर बात विवाद करने लगी और कोटवार से नक्सा/दस्तावेज छुड़ाकर तीन टुकड़े कर दिए,जिससे राजस्व विभाग ने अनावेदिका के विरुद्ध पुलिस चौकी बांदकपुर में गंभीर धाराओं में मामला पंजीबद्ध कराया है.



इस दौरान कार्रवाई में नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, हल्का पटवारी नीतू यादव,बांदकपुर पटवारी आशीष साहू, बलारपुर पटवारी विक्रम धाकड़ व पुलिस बल में बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,प्र.आ.प्रकाश यादव, महिला बल की उपस्थिति में आवेदक को कब्जा दिलाया गया.